# मिहिर भोज पी०जी० कॉलेज

दादरी-ग्रेटर नोएडा (गौतम बुद्ध नगर) उ०प्र०

NAAC ACCREDITED GRADE B (CGPA-2.47)

सम्बद्ध: चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## सत्र: 2026-27



## प्रवेश विवरणिका


**सम्पर्क :**

**Website : https://www.mbc.ac.in**

**E-mail : mbpgcollegedadri@gmail.com**


हरित परिसर-स्वच्छ परिसर- प्लास्टिक एवं कचरा मुक्त परिसर

# महाविद्यालय प्रबन्ध समिति



**श्री धर्मवीर प्रधान**
(अध्यक्ष)



**श्री रणवीर सिंह**
(वरिष्ठ उपाध्यक्ष)



**श्री ब्रह्मपाल सिंह नागर**
(कनिष्ठ उपाध्यक्ष)



**श्री वेदपाल सिंह**
(सचिव)



**श्री सुनील कुमार भाटी**
(उप–सचिव)



**श्री राजकुमार भाटी**
(सदस्य)



**श्री विजय पाल नागर**
(सदस्य)



**श्री अजयवीर चौधरी**
(सदस्य)



**श्री सुदेश भाटी**
(सदस्य)



**श्री नीरज राव**
(सदस्य)



**श्री इन्द्र प्रधान**
(सदस्य)



**श्री तेजपाल सिंह नागर**
विधायक (पदेन सदस्य)



**प्रो0 किशोर कुमार**
(प्राचार्य)

# *From the Desk of the Principal...*




**We are all integral members of a global community, connected by shared values, experiences, and aspirations.** Our paths are not isolated, rather, they form part of a larger collective narrative that unites us all. As expressed in verse 71 of Chapter 6 of the **Mahopanishad :**

अयं निजः परोवेतिगणना लघुचेतसाम्।

उदारचरितानां तु वसुधैवकुटुम्बकम्।।

This verse imparts the profound wisdom that individuals with broad minds and open hearts, characterized by expansive thought and character, view the world as one unified family. In contrast, those with a narrower outlook divide the world into categories of "what belongs to me" and "what belongs to others." As students, it is essential to cultivate an inclusive and expansive worldview, recognizing that **education is a powerful tool that connects us to the global community.**

**Higher education goes beyond the mere acquisition of knowledge;** it is a transformative journey that nurtures cognitive, affective, and psychomotor domains of human behaviour. Throughout your time at the university and college, you will deepen your understanding of your chosen discipline while gaining insight into how your fieldintersects with others and contributes to solving global challenges. This presents a unique opportunity to expand your intellectual horizons, enhance your critical thinking abilities, and develop the skills necessary to make informed, ethical, and responsible decisions.

At the core of this academic journey lie two fundamental principles: critical thinking and innovation. **Critical thinking equips you with the ability to rigorously evaluate and question ideas, assess evidence, and engage with information methodically and reflectively.** It is a vital skill that fosters intellectual growth and clarity of thought. **Innovation, on the other hand, involves applying your knowledge creatively to address challenges and develop novel solutions.** Together, these competencies not onlyensure academic success but also empower you to make meaningful contributions to society.

The world is confronted with a myriad of pressing challenges, from environmental degradation to social inequalities. Tackling these challenges will require individuals such as yourselves-those endowed with intellectual insight, creativity, and a determination to create positive change. **As the next generation**

**of leaders, innovators, and problem-solvers, you are uniquely positioned to shape the future. I encourage you to constantly challenge the boundaries of your knowledge, remain open to new ideas and perspectives, and seize the opportunities that lie ahead.**

The Kathopanishad (कठोपनिषद्) offers a timeless and compelling call to action: "उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।"-**"Arise, awake and stop not till the goal is reached.**"This verse is an exhortation to awaken from the slumber of ignorance and complacency, and to pursue the highest goal - self-realization and enlightenment. It emphasizes that one should not cease striving until the ultimate truth or knowledge is attained. This teaching encourages perseverance, determination, and unwavering focus on the path toward personal and intellectual growth.

As you embark on your studies, **I urge you to approach your academic journey with dedication, enthusiasm, and perseverance. Success is not a product of mere chance, but the outcome of consistent effort, intellectual curiosity, and a steadfast commitment to your academic and personal goals.**

Remember, **education is not merely about textbooks or examinations-**it is about applying the knowledge you acquire to make a lasting and positive impact on the world. I encourage you to approach your studies with diligence, passion, and a commitment to excellence, as you strive to contribute to a better tomorrow.

**I am committed to continuously elevating this esteemed institution and advancing its vision and mission. By fostering a spirit of teamwork and collaborating with all stakeholders, we can achieve great things.**

I extend my sincerest best wishes to each of you as you embark on this significant academic journey. May your journey be one of continuous growth, discovery, and outstanding achievement.

**Remember, awareness is your greatest asset - embrace it with confidence, for when you do, the possibilities are limitless.**

Prof. Kishor Kumar
Principal
Mihir Bhoj P. G. College,
Dadri, Greater Noida, G. B. Nagar

# महाविद्यालय–परिचय

उच्च शिक्षा के प्रसार एवं गुणवत्ता के वस्तुनिष्ठ उद्देश्य के साथ क्षेत्र के यशस्वी, प्रतिष्ठित, उदार एवं जनसेवा से प्रेरित सजग नागरिकों द्वारा वर्ष 1968 में मिहिर भोज स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना की गई।

महाविद्यालय की विकास यात्रा की शुरूआत वर्ष 1944 में अयोध्या गंज, दादरी में स्थापित एक छोटी पाठशाला से हुई। क्षेत्र की शैक्षणिक आवश्यकताओं को मूर्तरूप देने हेतु गुर्जर विद्या सभा, दादरी ने अथक प्रयासों से सैनिक पड़ाव की 52.24 एकड़ भूमि को उत्तर प्रदेश शासन से विद्यालय स्थापना हेतु प्राप्त किया। वर्ष 1949 में पं० गोविन्द बल्लभ पंत, तत्कालीन प्रधानमन्त्री, संयुक्त प्रदेश के कर–कमलों से गुर्जर ए०एस० हाईस्कूल की स्थापना हुई। वर्ष 1953 में इस विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया एवं वर्ष 1968 में मिहिर भोज महाविद्यालय की स्थापना हुई, जिसकी आधारशिला डॉ० त्रिगुणा सेन, तत्कालीन शिक्षा मन्त्री, भारत सरकार ने रखी।

वर्ष 1968 में महाविद्यालय को विज्ञान संकाय में गणित, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान विषयों में स्नातक स्तर तक मान्यता प्राप्त हुई। वर्ष 1970 में महाविद्यालय को स्नातक (जीव विज्ञान) की मान्यता प्राप्त हुई। क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए कला संकाय की स्थापना अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विषयों में स्नातक पाठ्यक्रमों के साथ वर्ष 1979 में हुई। तदोपरान्त वर्ष 1985 में भूगोल विषय में स्नातक पाठ्यक्रम को मान्यता प्राप्त हुई। क्षेत्र में स्नातकोत्तर शिक्षा के प्रसार हेतु स्नातकोत्तर (गणित) एवं स्नातकोत्तर (हिन्दी) कार्यक्रमों (स्ववित्तपोषित) को वर्ष 1995 में अनुमति प्राप्त हुई। इसी क्रम में स्ववित्तपोषित कार्यक्रमों स्नातकोत्तर (रसायन विज्ञान) को 2001 एवं स्नातक (वाणिज्य) और स्नातकोत्तर (भूगोल) को 2014 में मान्यता प्राप्त हुई। क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए महाविद्यालय ने **BCA** एवं **M.Com,** व्यावसायिक कार्यक्रमों (स्ववित्तपोषित) की वर्ष 2024 में मान्यता प्राप्त की। इसी क्रम में वर्तमान सत्र 2026–27 से महाविद्यालय में **B.B.A.** व्यावसायिक कार्यक्रम (स्ववित्तपोषित) की औपचारिक शुरूआत की जा रही है। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में शोध कार्य **(Ph.D. and Post Doctoral)** की सुविधा भी विभिन्न विभागों में उपलब्ध है, जिसमें अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित तथा भौतिक विज्ञान विभाग संलग्न हैं तथा अन्य विभाग भी प्रयासरत हैं। वर्तमान में महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में लगभग 2400 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत् हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और ज्ञानार्जन की समुचित सुविधा से सम्पन्न महाविद्यालय, कर्मठ एवं कुशल प्रबन्ध समिति और उत्कृष्ट शिक्षकों के निर्देशन में शोध एवं शिक्षण हेतु सतत् रूप से कार्यरत है।

महाविद्यालय एक हरे–भरे एवं शान्त परिसर में स्थित है। महाविद्यालय संस्था मुख्य भवन सहित लगभग 6 एकड़ भूखण्ड में स्थापित है, जिसमें व्याख्यान कक्ष, अध्ययन कक्ष, स्मार्ट क्लासरूम, सुसज्जित प्रयोगशालाएं, वनस्पति उद्यान, पुस्तकालय एवं वाचनालय, कम्प्यूटर लैब, एवं क्रीड़ास्थल जैसी मूलभूत एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

महाविद्यालय परिवार गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है, जिसके लिए शैक्षिक और सह–शैक्षिक कार्यक्रमों की समय–समय पर समीक्षा की जाती है। **NAAC** प्रत्यायन के द्वितीय चक्र में महाविद्यालय ने **2.47 CGPA** के साथ 'ग्रेड **B**' अर्जित किया। भविष्य की योजनाओं के रूप में महाविद्यालय सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयास से स्वयं को एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

विश्वविलालय अनुदान आयोग का स्वायत संस्थान

**NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL**

*An Autonomous Institution of the University Grants Commission*

# Certificate of Accreditation

The Executive Committee of the

National Assessment and Accreditation Council

is pleased to declare

Mihir Bhoj P. G. College

Dadri, Greater Noida, Dist. Gautam Buddha Nagar,

affiliated to Ch. Charan Singh University, Uttar Pradesh as

Accredited

with CGPA of 2.47 on four point scale

at B grade

valid up to April 10, 2028

Date : April 11, 2023

S. C. Sharma

Director

28975

BC(SC)/152/2nd Cycle/UPCOGN15308

CERTIFICAT*CERTIFICATE*СЕРТИФИКАТ*CERTIFICAT* O SERTIFIKAT

# CERTIFICATE OF REGISTRATION

This is to certify that

## MIHIR BHOJ P. G. COLLEGE

has been independently assessed and found to be in compliance

# ISO 21001 : 2025

**QUALITY MANAGEMENTEDUCATIONAL ORGANIZATIONS — MANAGEMENT SYSTEMS FOR EDUCATIONAL ORGANIZATIONS — REQUIREMENTS WITH GUIDANCE FOR USE SYSTEMS**

## Scope of Registration

PROVIDING UNDERGRADUATE AND POSTGRADUATE EDUCATION, ACADEMIC RESEARCH, SKILL DEVELOPMENT, AND STUDENT SUPPORT SERVICES IN AFFILIATION WITH CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY (MEERUT), ENSURING QUALITY LEARNING AND INSTITUTIONAL EXCELLENCE.

## Registered Site

G.T. RAOD, DADRI, GREATER NOIDA, DIST. GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH.

**:: Certificate No :: ECACB/N5/32/120226**

| | |
|---|---|
| Date of Certification | 12 Feb 2026 |
| 1st Surveillance | 11 Feb 2027 |
| 2nd Surveillance | 11 Feb 2028 |
| Expiry Date | 11 Feb 2029 |

Authorised Signatory

**EURO CERT Accreditation & Certification Board**
252 City Road, London, United Kingdom, EC1V 2NX

To check validity of the certificate please visit at **https://www.eurocert.org.uk/#verify-certificate**

This certification of registration is issued by International Certifications & Inspection Association accredited with United Accreditation & Certification Board **(www.eurocert.org.uk)**. This certificate remains the property of International Certifications & Inspection Association and must be returned upon request.

# महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम

# स्नातक स्तर

## कला संकाय (बी०ए०)

### मुख्य विषय–

1–हिन्दी, 2– अंग्रेजी, 3– अर्थशास्त्र, 4– इतिहास, 5– भूगोल,

6– राजनीति शास्त्र, 7– शारीरिक शिक्षा

**प्रथम सेमेस्टर में उपर्युक्त में से कोई दो मुख्य (मेजर) विषय एवं एक माइनर विषय अपने संकाय अथवा अन्य संकाय से चुनने हैं ।**

## विज्ञान संकाय(बी०एस०सी०)

### मुख्य विषय

1. गणित, 2. भौतिक विज्ञान 3. रसायन विज्ञान

4. जन्तु विज्ञान, 5. वनस्पति विज्ञान 6. रसायन विज्ञान

**प्रथम सेमेस्टर में उपर्युक्त में से कोई दो मुख्य (मेजर) विषय एवं एक माइनर विषय अपने संकाय अथवा अन्य संकाय से चुनने हैं ।**

## वाणिज्य संकाय–बी०कॉम० (स्व–वित्तपोषित योजनान्तर्गत)

1– व्यवसायिक सम्प्रेषण, 2– व्यवसायिक संगठन, 3– व्यवसायिक सांख्यिकी

**प्रथम सेमेस्टर में उपर्युक्त में से कोई दो मुख्य (मेजर) विषय एवं एक माइनर विषय अपने संकाय अथवा अन्य संकाय से चुनने हैं ।**

## बी.बी.ए (स्व–वित्तपोषित योजनान्तर्गत)

**विश्वविद्यालय के नियमानुसार विषय चुनें।**

## कम्प्यूटर साइंस संकाय – बी.सी.ए. (स्व–वित्तपोषित योजनान्तर्गत)

**विश्वविद्यालय के नियमानुसार विषय चुनें।**

## स्नातकोत्तर स्तर (स्व–वित्तपोषित योजनान्तर्गत)

1– एम.ए. – हिन्दी

2– एम.ए. – भूगोल

3– एम.एस सी. – रसायन

4– एम.एस सी. – गणित

5– एम.कॉम – वाणिज्य

| Semester | Skill Development Courses* for B.A., B.Sc., B.Com |
| --- | --- |
| **Ist Semester** | Principles and Practice of Banking (V0001003) |
| | Basic Communicative English (V0001004) |
| | Social Work (V0001016) |
| | Communication Skills and Personality Development (V0001027) |
| **IInd Semester** | AI FOR ALL |
| **IIIrd Semester** | Introduction to Share Market - 2 (V0001071) |
| | Introduction to E-Return (V0001072) |
| | Yoga (V0001090) |
| | Prayojan Mulak Hindi (V0001091) |

*** स्किल डेवलपमेंट कोर्स की सूची परिवर्तनीय है।**

# TEACHING / NON TEACHING STAFF

## अनुदानित पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षक



**प्रो० किशोर कुमार**
**प्राचार्य**
M.A., NET, Ph.D (History), P.G.D.M

### हिन्दी विभाग



**1. डॉ० प्रभात यादव**
सहायक आचार्य
M.A., NET, M.Phil, Ph.D

**2. रिक्त**

### अंग्रेजी विभाग



**1. डॉ० के० पी० सिंह**
सहायक आचार्य
M.A., NET, Ph.D, PGDSLM, PGDVGCC



**2. श्री शैलेन्द्र कुमार**
सहायक आचार्य
M.A., NET

## अर्थशास्त्र विभाग



### 1. प्रो० रूपम सोती
आचार्य

M.A., M.ED., NET, Ph.D



### 2. श्री आशीष कुमार सिंह
सहायक आचार्य

M.A., NET

## इतिहास विभाग



### 1. श्री सूर्य प्रकाश
सहायक आचार्य

M.A., NET



### 2. श्री प्रदीप चौधरी
सहायक आचार्य

M.A., NET

## भूगोल विभाग



### 1. श्रीमती प्रगति सिंह
सहायक आचार्य

M.A., NET-JRF, PGDGIS

### 2. रिक्त

## शारीरिक शिक्षा विभाग



### 1. प्रो० प्रियंका यादव

आचार्य

M.P.E., Ph.D, NET-JRF., D.Y.Ed

## राजनीति विज्ञान विभाग



### 1. श्री समय सिंह मीणा

सहायक आचार्य

M.A., M.Phil, NET-JRF



### 2. श्रीमती विमलेश

सहायक आचार्य

M.A., NET

## रसायन विज्ञान विभाग



### 1. डॉ० हर्षवर्धन

सह आचार्य

M.Sc., Ph.D



### 2. डॉ० मनोज कुमार पटेल

सहायक आचार्य

M.Sc., NET-JRF, Ph.D

### 3. रिक्त

## भौतिक विज्ञान विभाग



**1. डॉ० सेवक कुमार**

सहायक आचार्य

M.Sc., Ph.D



**2. सुश्री कृति जैन**

सहायक आचार्य

M.Sc., NET

## गणित विभाग



**1. डॉ० सपना नागर**

सहायक आचार्य

M.A., M.Sc., Ph.D

**2. रिक्त**

## जन्तु विज्ञान विभाग



**1. प्रो० शीला गुप्ता**

आचार्य

M.Sc., Ph.D

**2. रिक्त**

## वनस्पति विज्ञान विभाग



**1. डॉ० ऋचा उपाध्याय**

सहायक आचार्य

M.Sc., NET-JRF, Ph.D

**2. रिक्त**

# स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमो में कार्यरत शिक्षक

## हिन्दी विभाग (स्नातकोत्तर)



**1. डॉ० रईस हसन**
सहायक आचार्य
M.A., Ph.D



**2. डॉ० कविता रानी**
सहायक आचार्य
M.A., NET, Ph.D

## वाणिज्य विभाग : (स्नातक एवं स्नातकोत्तर)



**1. डॉ० अजय गर्ग**
सहायक आचार्य
M.Com, NET, Ph.D



**2. डॉ० कृष्ण मुरारी**
सहायक आचार्य
M.Com, M.Phil, Ph.D



**3. डॉ० मीनाक्षी सहारण**
सहायक आचार्य
M.Com, B.Ed, Ph.D

## रसायन विज्ञान विभाग : (स्नातकोत्तर)



**1. डॉ० रजनीश कुमार**
सहायक आचार्य
M.Sc., Ph.D



**2. डॉ० निर्मला शिशौदिया**
सहायक आचार्य
M.Sc., Ph.D

## भूगोल विभाग : (स्नातक एवं स्नातकोत्तर)



**1. श्री सतीश भाटी**

सहायक आचार्य

M.A. भूगोल (गोल्डमेडलिस्ट), B.Ed, UGC-NET



**2. श्री कपिल कसाना**

सहायक आचार्य

M.A., B.Ed, NET



**3. श्री संदीप भाटी**

M.A., NET-JRF (Tutor)

## गणित विभाग : (स्नातकोत्तर)



**1. श्री कपिल बैंसला**

सहायक आचार्य

M.Sc., CSIR-JRF, UGC NET



**2. सुश्री खुशबु गौतम**

M.Sc., GATE, Tutor

## कम्प्यूटर विज्ञान विभाग : (स्नातक स्तर)



**1. श्री विजय कुमार**

सह आचार्य

M.Sc. (Math), MCA, NET



**2. श्री कुंवर पाल सिंह**

सहायक आचार्य

MCA

# पुस्तकालय



## 1. श्री नरेश कुमार

UGC NET

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी



**1. श्री कपिल नागर**
लेखाकार



**2. श्री योगेन्द्र सिंह**
प्रयोगशाला
सहायक–रसायन विज्ञान



**3. श्री नरेश कुमार**
वरिष्ठ
कार्यालय सहायक



**4. श्री सुशील कुमार बंसल**
प्रयोगशाला सहायक
– वनस्पति विज्ञान



**5. श्रीमती रीतू**
कार्यालय सहायक



**6. श्री सतबीर सिंह**
बुक लिफ्टर



**7. श्री इन्द्रजीत सिंह**
चतुर्थ श्रेणी
कर्मचारी



**8. श्री राजू**
चतुर्थ श्रेणी
कर्मचारी

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी (स्ववित्तपोषित)



**1. श्री दिनेश कुमार**

का0सहायक



**2. श्री लोकेश बंसल**

का0सहायक



**3. श्री एच0सी0 तिवारी**

का0सहायक



**4. श्री ब्रह्मपाल सिंह**



**5. श्री राजकुमार**



**6. श्री ललित**

प्रयोगशाला सहायक – जन्तु विज्ञान



**7. श्री उमेश**



**8. श्री कर्मबीर सिंह**



**9. श्री धनपाल सिंह**



**10. श्री गोपाल शर्मा**

प्रयोगशाला सहायक – भूगोल विभाग



**11. श्री शिवम**

# PROGRAM STRUCTURE FOR U.G.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत स्नानतक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली लागू की गई है। इसके अन्तर्गत स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी के लिए पाठ्यक्रम संरचना निम्नवत होगी–

1. विद्यार्थी को प्रवेश के समय बी.ए., बी.एससी., बी. कॉम. आदि में से किसी एक संकाय (Faculty) का चयन करना होगा।

2. विद्यार्थी अपने संकाय में से किन्हीं दो मेजर विषयों का चयन करेगा। (Major Subjects-02)

3. विद्यार्थी द्वारा अपने या अन्य संकाय से एक माईनर विषय का चयन किया जाएगा। यह विषय विद्यार्थी केवल प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में पढ़ेगा। (Minor Subjects-01)

4. प्रत्येक विद्यार्थी प्रथम तीन सेमेस्टर में महाविद्यालय में उपलब्ध वोकेशनल कोर्स में से प्रत्येक सेमेस्टर में किसी एक वोकेशनल कोर्स का अध्ययन करेगा । (Vocational course-01)

5. प्रत्येक विद्यार्थी प्रथम चार सेमेस्टर में प्रति सेमेस्टर एक को– करिकुलर कोर्स का अध्ययन करेगा। (Co-curricular course-01)

6. स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष के बाद ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थी अपने दो मेजर विषयों में से किसी भी एक विषय में एक शोध परियोजना करेगा। यह शोध परियोजना पूर्ण करने के पश्चात ही उसे द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण माना जाएगा। (Research Project)

7. प्रत्येक विषय में विश्वविद्यालय के नियमानुसार सतत् आंतरिक मूल्यांकन (Continuous Internal Assessment) भी किया जाएगा।

# महाविद्यालय की प्रवेश नियमावली

1. कॉलेज में स्नातक तथा परास्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार होगी। उन्हीं छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र जमा होंगे जिन्होंने चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की वेबसाइट (www.ccsuniversityadm.samarth.edu.in) पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करा लिया है तथा रजिस्ट्रेशन का ई – कूपन आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया है। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र इस विवरणिका के अन्त में संलग्न है।
2. महाविद्यालय में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा जारी नियमों के आधार पर प्रदान किया जायेगा।
3. स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि हेतु प्रवेश नई शिक्षा नीति–2020 नियमावली के आधार पर दिया जायेगा।
4. स्नातकोत्तर कक्षा में केवल उन्हीं छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा जिन्होंने सम्बन्धित विषय में त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि प्राप्त की हो।
5. प्रवेश हेतु वरीयता का निर्धारण स्नातक कक्षाओं के लिए इण्टरमीडिएट परीक्षा के प्राप्तांक एवं स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु स्नातक परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया जायेगा।

6 स्नातक अथवा स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु अर्ह परीक्षा में चार वर्ष से अधिक अंतराल होने पर केवल प्रयोगात्मक विषयों की डिग्री में ही प्रवेश अनुमन्य होगा।

7. नवीन प्रवेशार्थी अपने आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्र संलग्न कर कॉलेज में प्रवेश हेतु आवेदन करेंगे।

(i) विश्वविद्यालय में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कराने का प्रमाण/ई–कूपन/चालान की प्रति।
(ii) ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन द्वारा डाउनलोड किया गया आवेदन–पत्र।
(iii) स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (T.C.) की मूलप्रति।
(iv) अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग आदि के प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करे।
(v) अंतिम संस्था द्वारा दिये गये चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
(vi) हाईस्कूल एवं उसके उपरान्त उत्तीर्ण परीक्षाओं की अंक तालिकाओं व प्रमाण–पत्रों की छायाप्रतियाँ।
(vii) यदि प्रवेशार्थी राष्ट्रीय/राज्य/अन्तर्विश्वविद्यालय स्तर का खिलाडी है उसके प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
(viii) मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति (यदि अर्हता परीक्षा यू.पी. बोर्ड के अलावा किसी अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण की है।)
(ix) आय प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रवेशार्थियों के लिए ) की छायाप्रति।
(x) एन्टी रैगिंग सम्बन्धी शपथ पत्र (antiragging.in/affidavit_affillated_form.php) पोर्टल पर भरा गया शपथ पत्र) शपथ पत्र में भरा जाने वाला कॉलेज संबंधी विवरण पेज नं0 31 पर है।
(xi) APAAR ID

8. प्रवेश के समय अनिवार्य रूप से सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतिलिपियाँ प्रवेश–समिति के समक्ष प्रस्तुत करनी होंगी।
9. निम्नलिखित श्रेणी के छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। यदि त्रुटिवश उनका प्रवेश हो भी गया हो तो उसे निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित हैः।

(i) किसी न्यायालय द्वारा दण्डित छात्र अथवा जिसके विरूद्ध फौजदारी का मुकद्मा दर्ज हो।
(ii) विश्वविद्यालय या महाविद्यालय की परीक्षा में नकल करने/कराने के दोषी छात्र।
(vi) अमर्यादित तथा अनुशासनहीन व्यवहार करने वाले छात्र।
(v) ऐसे छात्र जिन्हें महाविद्यालय अधिकारियों द्वारा 100 रु0 या उससे अधिक का अर्थदण्ड दिया गया हो।
(vi) ऐसे छात्र जो इस अथवा अन्य महाविद्यालय द्वारा निष्कासित या निलम्बित हों।
(vii) किसी दूसरे संस्थान में प्रवेश होने/ जारी रहने की स्थिति में। * विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार।
(viii) प्रवेश के समय छात्र/अभिभावक द्वारा दी गयी सूचना अपूर्ण अथवा असत्य हो।

10. सभी छात्र/छात्रा प्रवेश आवेदन–पत्र के साथ अपना नवीनतम फोटो अवश्य लगायें। जिसमें आवेदक का चेहरा स्पष्ट दिख रहा हो।
11. प्रवेश के अन्य नियम विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश नियमावली के प्रावधानों से आच्छादित होंगे।
12. किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में विश्वविद्यालय के प्रवेश नियम लागू होगें।
13. महाविद्यालय Online आवदेन पत्र की सुविधा भी प्रदान करता है जिसे अभ्यर्थी Prospectus के ऊपर छपे QR code के माध्यम से भर सकते हैं।

## परिचय-पत्र

प्रत्येक विद्यार्थी को महाविद्यालय के मुख्य–अनुशासक द्वारा सत्यापित एवं हस्ताक्षरित परिचय पत्र प्रदान किया जाता है। विद्यार्थी को परिचय पत्र सदैव अपने पास रखना चाहिए। महाविद्यालय परिसर में अधिकारियों द्वारा मांग करने पर परिचय पत्र देना अनिवार्य है। परिचय पत्र गुम होने की स्थिति में विद्यार्थी नये पहचान पत्र के लिये निर्धारित शुल्क के साथ प्रवेश प्रभारी के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

## उपस्थिति

सभी छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए व्याख्यान एवं प्रयोगात्मक कक्षा में 75% उपस्थिति अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति होने पर विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने एवं उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति का फॉर्म भरने से रोका जा सकता है। इसके लिए छात्रों की उपस्थिति हेतु बायोमैट्रिक मशीन की व्यवस्था की जा रही है।

## छात्रवृत्तियाँ, शुल्क-प्रतिपूर्ति एवं छात्र सहायता कोष

1. उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार 75% योग्य एव निर्धन छात्र/छात्राओं को शिक्षण शुल्क मुक्ति प्रदान की जाती है।
2. प्रदेश/केन्द्र शासन द्वारा उन छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्तियाँ एवं पुस्तक सहायता देय हैं जिनके अभिभावक की वार्षिक आय 2,00,000/–रू0से अधिक न हो।
3. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं को उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृत छात्रवृत्तियाँ दी जाती हैं।
4. भारत सरकार के द्वारा मेधावी छात्रों के लिये राष्ट्रीय छात्रवृत्ति।
5. उ0प्र0 शासन द्वारा छात्र कल्याण निधि से प्रदत्त सहायता।
6. छात्र सहायता कोष से निर्धन छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा आर्थिक सहायता।
7. इसके अलावा महाविद्यालय स्तर पर चौ0 रघुवर सिंह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है । इस छात्रवृत्ति का लाभ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को मिलता है। अधिक जानकारी के लिये महाविद्यालय की Website पर छात्रवृत्ति के नियम व शर्तें देखी जा सकती हैं।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

1. महाविद्यालय में पूर्ण व्यवस्थित केन्द्रीय पुस्तकालय है। हमारे पुस्तकालय में लगभग 35,800 पाठ्य पुस्तकें व 1500 संदर्भ पुस्तकें मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय में लगभग 250 दान की हुई पुस्तकें भी अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं।
2. पुस्तकालय में DELNET की सदस्यता भी है जिसके द्वारा ई–सहभागिता E-CONSORTIUM, E-JOURNALS व ILL अंतर पुस्तकालय ऋण भारत व विदेशों से किताबें पाठ्न हेतु मँगवाने का प्रावधान भी है।
3. पुस्तकालय में यूजीसी–केयर (UGC-CARE) सूचीबद्ध शोध पत्रिकाएँ नियमित रूप से आती है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में डेलप्लस सॉफ्टवेयर (Delpus Ver 2.0 Software) भी आधुनिकीकरण हेतु उपलब्ध है। शोध कार्यों को बढ़ावा देने हेतु महाविद्यालय द्वारा Drillbit Plagiarism Checker Software भी खरीदा गया है।
4. महाविद्यालय के पुस्तकालय परिसर में छात्र व छात्राओं के लिए अलग–अलग वाचनालय की सुविधा है।

## आर.ओ. वाटर कूलर सुविधा

छात्र–छात्राओं के लिये महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध है।

## WI-FI व कम्प्यूटर लैब

महाविद्यालय में वातानुकूलित (एयर कन्डीशन्ड) कम्प्यूटर लैब की स्थापना की गयी है। इसमें अनिवार्य कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा बी0कॉम, बी0एससी0, बी0ए0 एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये कौशल विकास पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। साथ ही सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर वाई–फाई सुविधा से युक्त है।

# पाठ्येत्तर गतिविधियाँ

छात्र/छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए महाविद्यालय में निम्न ऐच्छिक इकाईयाँ कार्यरत हैं:

1. **राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन0सी0सी0)** – महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (थलसेना–इंफेंट्री कोर ) की एक प्लाटून संचालित हैं, जिसमें 54 छात्र/छात्राओं के लिए सैनिक प्रशिक्षण की सुविधा है। नियमित प्रशिक्षण परेड के अतिरिक्त एक 10 – दिवसीय शिविर का आयोजन 40 यू0पी0 बटालियन द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त समय–समय पर विशेष शिविर आयोजित किये जाते हैं।

2. **राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0)** –देश की प्रगति में छात्र/छात्राओं के योगदान की महती भूमिका रही है। अतः महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा मान्य एवं विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सेवा योजना की दो इकाई कार्यरत हैं, जिनमें प्रति इकाई 100 स्वयं सेवक छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में नियमित कार्यक्रमों के अतिरिक्त सात–दिवसीय वार्षिक शिविर का भी आयोजन किया जाता है।

3. **उन्नत भारत अभियान**

4. **क्रीड़ा** –महाविद्यालय के विशाल क्रीड़ा स्थल में ऐथेलेटिक्स के लिए ट्रैक सहित क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिन्टन, फुटबाल, कबड्डी, खो–खो आदि खेलों के लिए समुचित व्यवस्था है।

5. **सांस्कृतिक परिषद्**–छात्र/छ़ात्राओं को वाद–विवाद प्रतियोगिता, निबंध, गायन, नाटक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में प्रतिभाग के लिये मंच प्रदान करती है।

6. **महाविद्यालय पत्रिका 'ज्ञानज्योति'** – छात्रों की साहित्यिक प्रतिभा को उभारने के लिए महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। पत्रिका में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्वजनों की विभिन्न विषयों पर कृतियों एवं महाविद्यालय की सभी गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया जाता है।

7. **अनुशासन परिषद्** – महाविद्यालय में अनुशासन व रैगिंग–मुक्त वातावरण बनाये रखने के लिए प्राध्यापकों की एक अनुशासन परिषद् सदैव सक्रिय रहती है। विद्यार्थियों में स्वशासन की क्षमता और उत्तरदायित्व एवं अनुशासन की भावना का विकास करने हेतु उनका भी प्रत्यक्ष व परोक्ष सहयोग लिया जाता है।

8. **महिला प्रकोष्ठ** – छात्राओं की समस्याओं के निराकरण हेतु एवम् लिंग–समानता संबंधी जागरूकता फैलाने के लिये महिला प्रकोष्ठ सक्रिय रूप से कार्यरत है।

9. **Student Clubs -** विभिन्न क्लब्स के माध्यम से विद्यार्थी केन्द्रित गतिविधियों का संचालन किया जाता है। छात्र अपनी अभिरूचि के अनुसार इन क्लब से जुड़ सकते है।

10. **Mentor -Mentee System** इस व्यवस्था के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को छोटे – छोटे समूहों में बांटकर प्रत्येक समूह पर एक Mentor (शिक्षक ) आवंटित किया जाता है। जो सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों में उन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करता है।

# महाविद्यालयी सुविधाएं

1. स्मार्ट क्लासरूम।
2. पठन– पाठन में ICT का उपयोग।
3. नवीनतम सॉफ्टवेयर युक्त कंप्यूटर लैब।
4. पुस्तकालय एवं वाचनालय (ई–लाइब्रेरी सहित)।
5. बॉटनिकल गार्डन।
6. सुसज्जित प्रयोगशालाएं।
7. गर्ल्स कॉमन रूम।
8. सेमिनार हॉल।
9. मल्टीपर्पज हॉल।
10. मेधावी विद्यार्थियों हेतु चौधरी रघुवर सिंह छात्रवृत्ति।
11. रजिस्टर्ड एलुमनाई एसोसिएशन।
12. ओपन स्टेज एवं स्पोर्ट्स ग्राउंड।

# विगत वर्ष 2025–26 की उपलब्धियाँ

1. पुस्तकालय हेतु Drillbit Plagiarism Checker Software क्रय किया गया।
2. नया पाठ्यक्रम बीबीए (BBA) प्रारंभ किया गया।
3. "अवलोकन" कॉलेज न्यूजलेटर का शुभारंभ किया गया।
4. चौधरी रघुवर सिंह छात्रवृत्ति का वितरण किया गया।
5. हमारे छात्र करण ने विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया।
6. हमारी टीम ने विश्वविद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में अनेक पदक प्राप्त किए।

## विशेष सूचनायें एवं निर्देश

1. आवेदकों को दिए जाने वाले विषयों के संबंध में प्रवेश समिति महाविद्यालय में उपलब्ध विषय संयोजन के आधार पर निर्णय लेगी।
2. चयनित प्रवेशार्थी प्रवेश स्वीकृति के पश्चात विवरणिका व महाविद्यालय की Website पर उपलब्ध Payment Gateway या महाविद्यालय के निर्धारित खाते में प्रवेश शुल्क जमा करें।
3. प्रारम्भ में सभी प्रवेश अस्थायी होते है एवम् तथ्यों को छुपाने, अयोग्य पाये जाने या अनुशासनहीनता का दोषी पाये जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
4. परिचय पत्र व लाइब्रेरी कार्ड पाने के लिये शुल्क रसीद आवश्यक है।
5. परिचय-पत्र पर में बिना धूप का चश्मा लगा फोटो लगाकर एवं प्रविष्ठियाँ पूर्ण कर मुख्य अनुशासक से हस्ताक्षरित करा लें। परिचय पत्र सदैव अपने पास रखें।
6. चरित्र प्रमाण पत्र केवल उसी संस्थागत छात्र/छात्रा को जारी किया जायेगा जिसने महाविद्यालय में न्यूनतम छः माह की अवधि पूर्ण कर ली हो। छः माह में केवल एक बार चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित शुल्क जमा करने के तीन दिन बाद दिया जायेगा।
7. प्रवेश सम्बन्धी तिथियों की सूचना एवं मैरिट लिस्ट, एन0 सी0 सी0, वाद/विवाद,क्रीड़ा, पुस्तकालय, विभागीय, छात्रवृत्ति एवं अन्य सूचनाएं समय-समय पर महाविद्यालय की website व सूचना पट्ट पर लगा दी जाएंगी। विद्यार्थी महाविद्यालय Website/Notice Boards को निरंतर देखें व अपने Mentors/ शिक्षकों के निरन्तर संपर्क में रहें।
8. विवरणिका में वर्णित Minor व Skill Development Courses परिवर्तनीय है। अतः निरंतर Website व सूचना पट्ट देखते रहें और अपने Mentor के सम्पर्क में रहें।
9. **प्रवेश के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु महाविद्यालय कार्यालय में श्री कपिल नागर जी से मोबाइल नंबर 9313006465 पर संपर्क करें। प्रवेश नियमावली के संबंध में किसी समस्या के समाधान हेतु प्रवेश संयोजिका प्रो. प्रियंका यादव जी से महाविद्यालय में संपर्क करें।**

# विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता
## (Code of Conduct for Students)

- सभी विद्यार्थी अपना महाविद्यालय का परिचय–पत्र सदैव अपने साथ रखेंगे और किसी भी अधिकारी के मांगे जाने पर उसे अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे।
- सभी विद्यार्थियों के लिए सत्र के आरम्भ में आयोजित होने वाले दीक्षारम्भ कार्यक्रम में उपस्थित होना अनिवार्य है।
- सभी विद्यार्थी अपनी कक्षा/प्रयोगशाला में नियमित रूप से समय पर उपस्थित होंगे एवं कक्षा के दौरान अन्यत्र नहीं घूमेंगे।
- सभी विद्यार्थी महाविद्यालय के मुख्य द्वार, कक्षा, प्रयोगशाला, कार्यालय एवं पुस्तकालय में व्यर्थ में एकत्रित नहीं होंगे और न ही शोर करेंगे।
- सभी विद्यार्थी अपने रिक्त समय में पुस्तकालय/वाचनालय का समुचित प्रयोग करेंगे।
